भारतीय खाद्य निगम द्वारा रबी की फसल को हानि का अनुमान

*214. **श्री जी० एस० तोहरा** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारतीय खाद्य निगम को हाल में पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्यों के कई क्षेत्रों में बेमौसम वर्षा होने से रबी की फसलों को हुई क्षति का अनुमान लगाने के लिये कहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में निगम की रिपोर्ट क्या है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) जी नहीं । ऐसा अनुमान सामान्यतया संबंधित राज्य सरकारों द्वारा लगाया जाता है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

कटिहार में तटबन्ध का निर्माण

*215. **श्री युवराज** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार के कटिहार जिले में बाढ़ पर नियंत्रण करने के लिये लगभग 150 किलोमीटर लम्बे तटबंध का निर्माण किया गया है ;

(ख) क्या इस तटबंध के पूरा हो जाने से लाखों एकड़ फसल की रक्षा होगी और सदियों से हो रही क्षति से जनसाधारण की रक्षा हो सकेगी ;

(ग) क्या बिहार की सीमा पर पश्चिम बंगाल के मालदह जिले में इसके मुकाबले का तटबंध बनाया गया है ;

(घ) क्या तटबंध की सुरक्षा के लिये सर्विस-रोड का निर्माण आवश्यक है ताकि तटबंध को मजबूत बनाया जा सके और उस पर निगरानी रखी जा सके ; और

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार का बंगाल की तरह बिहार राज्य के तटबंध पर सर्विस-रोड बनाने और 'ब्लैक-टोप्पिंग' की व्यवस्था करने का विचार है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) और (ख). महानन्दा नदी की फूलहार और बरसोई शाखाओं की बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों की रक्षा के लिए बिहार तथा पश्चिम बंगाल राज्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में समन्वित स्कीमें तैयार की थीं । बिहार की स्कीम में अन्य बातों के अलावा पूर्णिया और कटिहार जिलों में 249 किलोमीटर लंबे तटबंधों का निर्माण और पश्चिम बंगाल की स्कीम में फूलहार के वामतट पर 39.5 किलोमीटर तथा बरसोई के दक्षिण तट पर 48 किलोमीटर लंबे तटबंधों का निर्माण करना परिकल्पित था । आशा है कि इन स्कीमों से बिहार में लगभग एक लाख हैक्टेयर तथा पश्चिम बंगाल में 81,920 हैक्टेयर क्षेत्र को नदी के पानी के फैलाव एवं बाढ़ द्वारा जलमग्न होने से सुरक्षा प्राप्त होगी और इसके परिणामस्वरूप फसलों को क्षति नहीं पहुंचेगी ।

(ग) पश्चिम बंगाल सरकार ने बिहार द्वारा निर्मित तटबंध के साथ-साथ फूलहार ब्रांच के वामतट पर तथा बिहार में दूसरे किनारे पर बने तटबंध के सामने मालदा जिले में अपनी सीमा में तटबंध बनाया है ।

(घ) और (ङ). सामान्यत : सभी वृहद तटबंधों पर कच्ची सड़कों की व्यवस्था की जाती है परन्तु तटबंधों पर पक्की सड़कों